# समाचार

# शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने लगाए जा रहे शिविर

## (बैंकों के सहयोग से निगम के समस्त 06 जोन कार्यालयों में हो रहा शिविरों का आयोजन)

कोरबा 12 मई 2015 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा भारत सरकार की नई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने तथा इन योजनाओं के तहत बैंक खाते खोलने हेतु शिविरों का आयोजन 12 मई से किया जा रहा है। बैंकों के सहयोग से निगम के सभी 06 जोन कार्यालयों में यह शिविर आयोजित किए जा रहे है।

भारत सरकार की महत्वपूर्ण नवीन जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा पंजीकृत असंगठित कर्मकारों के बैंक खाते खोले जाने तथा इन महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को देने की दिशा में ठोस कार्यवाही करते हुए आज 12 मई से निगम के समस्त 06 जोन कार्यालयों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में हितग्राहियों से आवेदन पत्र प्राप्त कर बैंक के सहयोग से उनके बैंक खाते खोले जा रहे है। निगम द्वारा इन शिविरों के आयोजन के संबंध में सूचना समाचार पत्र एवं मुनादी आदि के माध्यम से दिए जाने के साथ–साथ निगम के पार्षदगणों को पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है कि वे अपने वार्डो के नागरिकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर स्थल में आने हेतु प्रोत्साहित करें ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके।

| दिनांक | वार्ड क्रमांक | शिविर स्थल |
|---|---|---|
| | **कोरबा जोन कार्यालय के अंतर्गत आने वाले वार्डो हेतु** | |
| 12, 13 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 01, 03, 04 हेतु | कोरबा जोन कार्यालय |
| 12, 13, 14 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 05, 07 हेतु | कोरबा जोन कार्यालय |
| 14, 15 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 06, 08 हेतु | कोरबा जोन कार्यालय |
| | **टी.पी.नगर जोन कार्यालय के अंतर्गत आने वाले वार्डो हेतु** | |
| 12, 13, मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 19, 20, 11 हेतु | टी.पी.नगर जोन कार्यालय |
| 12, 14 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 09 हेतु | टी.पी.नगर जोन कार्यालय |
| 12, 14, 16 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 02 हेतु | टी.पी.नगर जोन कार्यालय |
| 14, 15 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 10 हेतु | टी.पी.नगर जोन कार्यालय |
| | **कोसाबाड़ी जोन कार्यालय के अंतर्गत आने वाले वार्डो हेतु** | |
| 12, 13, मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 13, 14, 15,16,17 हेतु | कोसाबाड़ी जोन कार्यालय |
| 14, 15 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 12,18,21, 22,23,24 हेतु | कोसाबाड़ी जोन कार्यालय |
| 13 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 25 हेतु | कोसाबाड़ी जोन कार्यालय |
| | **बालको जोन कार्यालय के अंतर्गत आने वाले वार्डो हेतु** | |
| 12, 13, मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 28, 29 हेतु | बालको जोन कार्यालय |
| 12, 13, 14, 15 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 30, 31, 32 हेतु | बालको जोन कार्यालय |
| 12, 13, 14 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 27 हेतु | बालको जोन कार्यालय |
| 14, 15, मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 33 हेतु | बालको जोन कार्यालय |
| 15 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 26 हेतु | बालको जोन कार्यालय |
| | **दर्री जोन कार्यालय के अंतर्गत आने वाले वार्डो हेतु** | |
| 12, 13 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 37 हेतु | दर्री जोन कार्यालय |
| 12, 13, 14, मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 36, 38,41,44 हेतु | दर्री जोन कार्यालय |
| 12, 14 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 34,39,40, हेतु | दर्री जोन कार्यालय |
| 14, 15, मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 35,42,43 हेतु | दर्री जोन कार्यालय |
| 15, 16, 18 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 46 हेतु | दर्री जोन कार्यालय |
| | **बांकीमोंगरा जोन कार्यालय के अंतर्गत आने वाले वार्डो हेतु** | |
| 12, 13 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 45,47, 54,55,56 हेतु | बांकीमोंगरा जोन कार्यालय |
| 12, 13, 14, मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 57, 58 हेतु | बांकीमोंगरा जोन कार्यालय |
| 12, 14 मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 51, 52, 53, हेतु | बांकीमोंगरा जोन कार्यालय |
| 19, 20, 21, मई 2015 | पुराना वार्ड क्र. 48, 49,50 हेतु | बांकीमोंगरा जोन कार्यालय |